विद्युत खरीदने/उत्पादन करने के लिए मध्य प्रदेश को वित्तीय सहायता

7603. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश को उसके सिंचाई क्षेत्र लाने हेतु विद्युत खरीदने/उत्पादन करने के लिए वित्तीय सहायता देने का है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने वर्ष 1994-95 के लिए इस संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) उपर्युक्त (क) को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न उत्पन्न नहीं होते ।

मध्य प्रदेश में विद्युत परियोजनाएं

7603. **श्री अजीत जोगी** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं के नाम क्या हैं;

(ख) ये परियोजनाएं कब तक पूरी हो जायेंगी और उनकी अनुमानित लागत क्या है ;

(ग) मध्य प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार को विद्युत उत्पादन हेतु भेजे गए प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है ;

(घ) उनमें से अब तक कितने प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है; और

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) और (ख) ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

क्र. सं०	परियोजना का नाम व क्षमता (मे. वा.)	नवीनतम लागत (करोड़ रुपए)	प्रचालन समय
	जल विद्युत		
(1)	बाणसागर टौन्स चरण-2 व 3 (2×15+3×20 मे. वा.)	608.99	1996-97
(2)	बाणसागर टौन्स चरण-4 (2×10 मे. वा.)	41.88	1996-97
(3)	हसदेव बांगो (3×40)	113.98	1994-95 (यूनिट-1 21-3-94 को चालू की गई)
(4)	इन्दिरा सागर (8×125)	1415.51	2000-03
(5)	इन्दिरा सरोवर (बोधघाट) (4×125 मे. वा.)	880.00	9वीं योजना के बाद
(6)	राजघाट (50% शेयर) (3×15)	102.88	1995-97
(7)	सरदार सरोवर (57% शेयर) (6×200+5×50)	1950.94	आर.बी.पी.एच.-1997-2000 सी.एच.पी.एच.-1995-97